गणतंत्र दिवस समारोह

आज दिनांक 26 जनवरी 2019 को सेंट मोन्ट फोर्ट विद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर राज कार्तिक नायर जी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन , उप प्राचार्य ब्रदर जॉन मिंज ने मुख्य अतिथि के साथ परेड को सलामी दी। इस अवसर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं।

जिनमें देशभक्ति नृत्य देशभक्ति गीत आदि अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । प्राचार्य महोदय ने विद्यालय की ओर से मुख्य अतिथि महोदय को स्मृति चिह्न प्रदान किए।

मुख्य अतिथि महोदय ने प्रभावशाली वक्तव्य से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं परिवार ,देश ,विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि सभी के जीवन में एक बार अवसर अवश्य आता है इसलिए हमें सदैव उस अवसर के लिए तैयार रहना चाहिए और देश के सैनिकों से प्रेरणा लेनी चाहिए

कार्यक्रम पूर्ण देशभक्ति के भावों के साथ संपन्न हुआ और सभी ने देश की रक्षा और देश के सम्मान के लिए सदैव तत्पर रहने का प्रण लिया।

''लहरायेगा अमर तिरंगा इज्ज़त और इमान से,

टकराएँगें हम मतवाले आँधी और तूफान से''

इन्हीं भावों के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

जय हिन्द, जय भारत ।